PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Fri, 16 Jun 2017, Page 1
Width: 16.53 cms, Height: 17.68 cms, a4, Ref: 34.2017-06-16.28

आज से रोज बदलेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार से रोज तय होंगे। नए दाम सुबह छह बजे से लागू होंगे। अभी तक तेल कंपनियां 15 दिन में कीमतों की समीक्षा करती थीं। जबकि अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रोज उतार-चढ़ाव होता है। ग्राहकों को लाभ तुरंत मिले इसलिए नई व्यवस्था को अमल में लाया गया है।

दाम घटे : गुरुवार को पेट्रोल व डीजल की कीमतों में क्रमशः 1.12 पैसे व 1.24 पैसे प्रतिलीटर की कटौती की गई। कीमतों में यह बदलाव शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू होगा।

ऐसे जानें कीमत

इंडियन ऑयल
Fuel@IOC एप डाउनलोड करें
9224992249 पर एसएमएस

भारत पेट्रोलियम
SmartDrive एप
9223112222 पर एसएमएस

हिंदुस्तान पेट्रोलियम
MyHPCL एप
एसएमएस **9222201122** पर

- अंग्रेजी में **RSP** स्पेस डीलर कोड लिख एसएमएस करें।